पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के नैक मूल्यांकन प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की

सुदृढ़ तैयारी के उपरान्त ही नैक के लिए आवेदन करें

विश्वविद्यालय में नैक के सातों क्राइटेरिया पर बिंदुवार कार्य–सम्पादन के लिए नए शिक्षकों को भी जोड़ा जाए

प्रस्तुतिकरण को नवीनतम तकनीक के साथ बेहतर करें

प्रस्तुतिकरण को टीम भावना के साथ कार्य करके बेहतर बनाया जाए

उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करें

प्रदेश के स्तरीय विश्वविद्यालयों की उत्कृष्ट परम्पराओं को अपने विश्वविद्यालय में लागू करें

– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

नैक तैयारी के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करें टीम

बेहतर तैयारियों के लिए जिम्मेदारी देकर कार्य कराया जाए

– प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल

लखनऊः 29 जुलाई, 2022

नैक मूल्यांकन हेतु निर्धारित सभी सातों क्राइटेरिया में व्यापक सुधार हेतु क्राइटेरिया वाइस गठित सभी सदस्य कुलपति के साथ प्रतिदिन योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। ये निर्देश उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन के प्रज्ञा कक्ष में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के नैक मूल्यांकन की तैयारियों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये प्रस्तुतिकरण पर दिये। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नैक के सातों क्राइटेरिया पर व्यापक तैयारियों हेतु बनायी

गयी कमेटियों में नये भर्ती हुए शिक्षकों को भी जोड़े। जिससे उनमें नैक तैयारियों के लिए समझ विकसित हो।

राज्यपाल जी ने कहा कि प्रस्तुतिकरण की विविध कमियों के प्रत्येक बिंदु पर सुधार करते हुए इसे बेहतर बनाएं। सुदृढ़ तैयारी के पश्चात ही नैक मूल्यांकन के लिए अपना आवेदन करें। नवीन छात्रवर्ग आधुनिक तकनीक से परिपक्व है इसलिये इस कार्य में उनकी प्रतिभा का भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि प्राविधिक शिक्षा का केन्द्र होने के नाते एच.बी.टी.यू. से अपेक्षा की जाती है कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय को भी तकनीकी सुविधाएं देने में मदद करें। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि अपने नैक मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पूर्व अन्य नैक ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालयों से सहयोग प्राप्त कर तदनुसार सभी आधुनिक सुविधाओं को विकसित करें।

राज्यपाल जी ने बैठक में विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने के स्तर तक प्रतिबद्ध होकर तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि टीम को समर्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के उच्च स्तर के "ए++" तथा "ए" ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालयों का अनुकरण करने तथा पंजाब के "ए+" तथा "ए" ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालयों की नैक कार्यप्रणालियों का अनुसरण करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा प्रदेश में ऐसे क्षमतावान शिक्षा संस्थानों का विकास हो जिससे यहां का कोई विद्यार्थी अन्य प्रदेशों में शिक्षा ग्रहण करने न जाएं। यहां के छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदेश में ही प्राप्त हो।

बैठक में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने विश्वविद्यालय की नैक टीम को प्रतिबद्धता से कार्य करने को कहा उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 शमशेर को निर्देश दिये कि उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बिंदु पर नैक टीम सदस्यों को जिम्मेदारी का आबंटन करें।

इस अवसर पर बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेषकार्याधिकारी शिक्षा राजभवन, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 शमशेर तथा उनकी नैक टीम तैयारियों के लिए गठित के सदस्यगण उपस्थित थे।

———————

सहायक निदेशक / राम मनोहर त्रिपाठी
9453005360
डा0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी /राजभवन (305 / 61)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361